# मंत्री ने इन्वेस्टर समिट के प्रस्तावों की समीक्षा कर दिए निर्देश



**फतेहपुर।** सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग मंत्री राकेश सचान ने लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस डाक बंगला में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मंत्री ने इन्वेस्टर समिट में प्राप्त निवेश प्रस्तावों, स्वरोजगार योजनाओं आदि की समीक्षा करते हुए उपायुक्त उद्योग को शत प्रतिशत लक्ष्यों की प्राप्ति के निर्देश दिए। उद्यमियों, निवेशकों हेतु लैंड बैंक बनाने के लिए नवीन शासनादेश में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम प्रोत्साहन नीति 2022 के अंतर्गत एमएसएमई के विकास हेतु ग्राम सभा की पांच एकड़ अथवा उससे अधिक चिन्हित भूमि एक स्थान पर उपलब्ध होने पर सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग को नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। विभाग द्वारा उसे औद्योगिक आस्थान के रूप में विकसित करते हुए उद्यमियों को उपलब्ध कराये जाएंगे। तहसीलों के माध्यम से जनपद में उपलब्ध ऐसी जगहों का चिन्हांकन कर शीघ्र प्रस्ताव तैयार किये जायें। लैंड बैंक बढ़ाया जा सके। डीएम ने मंत्री को आश्वस्त किया गया कि दिये गए निर्देशों का अक्षरश: पालन कराया जाएगा।